Regarding relaxation of rules for construction of roads under Pradhan Mantri Sadak Yojana

श्री बलभद्र माझी **(नबरंगपुर) :** माननीय सभापति महोदया, ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए, ताकि मरीज जल्दी से जल्दी एम्बुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल पहुंच सके, इसके लिए पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधान मंत्री सड़क योजना को प्रारम्भ किया था । मोदी जी के काल में बीते दस सालों में मेरे यहां 4,528 किलोमीटर की रोड्स बनी हैं, लेकिन अभी जो नियम बना है कि तीन किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर रहने वाले गांवों को ही प्रधान मंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाएगा, तो उसके चलते मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में करीब 400 गांव ऐसे हैं, जो प्रधान मंत्री सड़क योजना या पक्के रोड्स से जुड़े नहीं हैं । वहां एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाते हैं और आये दिन वहां मरीजों और गर्भवती माताओं को खटिया में हॉस्पिटल ले जाना पड़ता है ।

महोदया, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस तीन किलोमीटर वाले नियम को रिलैक्स किया जाए । सभी गांव पक्के रोड्स से जुड़ने चाहिए, यह मेरा निवेदन है ।

13.44 hrs